## आश्रम और मठों पर कार्रवाई के विरोध में कलेक्टर से मिले संत-महंत

**संत समाज ने रखी मांग पूर्व से हो चुके निर्माण कार्यों पर कार्रवाई से अलग रखे प्रशासन**



**उज्जैन।** महाकाल की नगरी में सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के बीच आश्रमों और मठों के निर्माण को लेकर साधु-संतों की चिंता अब खुलकर सामने आने लगी है। शुक्रवार को शैव शंभू संन्यासी मंडल की अगुवाई में बड़ी संख्या में संत महात्मा कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

संत-महंत की अगुवाई में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से विस्तृत चर्चा की। बैठक कलेक्टर कार्यालय सभागार में हुई, जहां धार्मिक परंपराओं, आश्रमों की व्यवस्था और निर्माण संबंधी विषयों पर गंभीर संवाद हुआ।

महात्माओं ने कलेक्टर से कहा कि सिंहस्थ केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन परंपरा का जीवंत स्वरूप है। सदियों से अखाड़े, आश्रम और मठ इस महापर्व की आत्मा रहे हैं। ऐसे में विभिन्न आश्रमों और मठों के भीतर हुए निर्माण कार्यों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई और नोटिस दिए जाने से संत समाज आहत है। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से संत-महंत ने आग्रह किया कि जो निर्माण पहले से हो चुके हैं, उन्हें कार्रवाई से अलग रखा जाए और जिन आश्रमों को स्थायी स्वरूप देना आवश्यक है, उन्हें विधिवत अनुमति प्रदान की जाए। संतों का कहना था कि आश्रम केवल भवन नहीं होते, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए साधना, सेवा और संस्कार के केंद्र होते हैं। सिंहस्थ में देश-दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और संतों के ठहरने, भोजन और धार्मिक अनुष्ठानों की व्यवस्था इन्हीं आश्रमों के माध्यम से होती है। यदि निर्माण कार्यों पर अनिश्चितता बनी रही तो व्यवस्थाओं पर असर पड़ सकता है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने संतों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि आश्रम एवं मठों से संबंधित विषयों का परीक्षण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सिंहस्थ महापर्व को लेकर पूरी तरह गंभीर है और सभी आवश्यक निर्माण कार्य समयबद्ध एवं नियमसम्मत ढंग से पूरे कराए जाएंगे। जहां धार्मिक परंपराओं का प्रश्न है, वहां संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिया जाएगा। बैठक का माहौल श्रद्धा, संवाद और समाधान की भावना से परिपूर्ण रहा। संत समाज ने उम्मीद जताई कि प्रशासन उनकी भावनाओं को समझते हुए सकारात्मक निर्णय लेगा, ताकि सिंहस्थ की आध्यात्मिक गरिमा अक्षुण्ण रहे और आने वाले महापर्व में उज्जैन एक बार फिर धर्म, साधना और समरसता का विश्व केंद्र बनकर उभरे।

### स्थाई निर्माण के लिए राशि दो

शैव शंभू सन्यासी मंडल के अध्यक्ष एवं जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय सचिव श्रीमंत रामेश्वर गिरी महाराज ने शासन स्तर से आश्रमों में स्थायी निर्माण के लिए शीघ्र राशि स्वीकृत करने की मांग रखी। संतों ने अपनी विभिन्न मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। बैठक में सुरेशानंद पुरी महाराज, महावीर नाथ महाराज, महानिर्वाणी अखाड़ा से जुड़े संत, आव्हान अखाड़ा, आनंद अखाड़ा, अग्नि अखाड़ा, अटल अखाड़ा सहित विभिन्न आश्रमों के महामंडलेश्वर उपस्थित रहे। सभी ने अपनी बात रखी।

## कमरे का दरवाजा बंद कर युवक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** कमरे का दरवाजा बंद कर शुक्रवार शाम युवक ने फांसी लगा दी। दरवाजा तोड़कर परिजनों ने नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने शव पोस्टमार्टम कक्ष में भेज दिया। शनिवार सुबह पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया जाएगा। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि चरक अस्पताल से सूचना मिली थी कि एमपी नगर में रहने वाले आयुष पिता यशवंत दावरे ने घर में फांसी लगाई है परिजन शव अस्पताल लेकर पहुंचे हैं। ड्यूटी कंपाउंडर की सूचना पर मर्ग कायम किया गया है। परिजनों से पूछताछ के बाद ही फांसी लगाने की वजह स्पष्ट हो पाएगी। शाम का समय होने पर पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सकता है। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर घटनास्थल की जांच की जाएगी। बताया जा रहा है कि मृतक आयुष को कुछ दिन पहले माधव नगर थाना क्षेत्र में हुई कार आगजनी के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

### जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की मौत

उज्जैन। इंगोरिया के रहने वाले सुनील पिता गब्बूलाल 40 साल का सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि सुनील ग्राम नलवा फालपुरा के पास अपने साले के यहां शादी में शामिल होने के लिए आया था। देर रात वापस इंगोरिया लौटते समय उसने चिकनी के समीप जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे बेसुध हालत में कुछ लोगों ने देखा तो पहचान लिया और परिजनों को सूचना दी। परिजन सुनील को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां कुछ देर चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।

### एक नजर में

## आजाद की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**उज्जैन।** अक्षत इंटरनेशनल स्कूल परिसर में मां भारती के वीर सपूत महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चंद्रशेखर आज़ाद जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई। समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने भारत माता के इस वीर सपूत को श्रद्धापूर्वक नमन किया। सभा में विद्यालय निदेशक राहुल पंडया ने उनके अद्वितीय साहस, देशभक्ति और बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद जी ने अपने जीवन के अंतिम क्षण तक अंग्रेज़ी शासन के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया। उनका जीवन त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम की अमर गाथा है, जो आज भी युवाओं को प्रेरित करता है।




## आजाद की जीवन शैली से युवा प्रेरणा लें

**उज्जैन।** श्री चन्द्रमौलेश्वर सेवा समिति उज्जैन द्वारा मां भारती के वीर सबूत अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की पुण्यतिथि आज इंदौर रोड स्थित दो तालाब उद्यान पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इस अवसर पर विशेष रूप से जूना अखाड़ा से महंत नीलेश्वरपुरी महाराज, श्री चंद्रमौलेश्वर सेवा समिति से अध्यक्ष पं. गोपाल व्यास, सामाजिक कार्यकर्ता अश्विन शास्त्री, पं. आनंद शर्मा भी उपस्थित हुए। महंत नीलेश्वर पूरी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने जो देश के लिए अपना बलिदान दिया है वह बहुत ही सराहनीय है। हर युवा वर्ग को उनकी जीवन शैली से प्रेरणा लेना चाहिए। ऐसे महान राष्ट्रभक्त को शत-शत नमन है। उक्त जानकारी सस्था सचिव पं. गौरव शर्मा ने दी।

## टीकाकरण आज से प्रारंभ किया जाएगा

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम कलेक्टर कार्यालय सभागृह में किशोरी बालिकाओं की सर्वाईकल कैंसर से रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने टार्गेटेड जनसंख्या की शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल को दिए। बैठक में कलेक्टर ने महिला बाल विकास अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीओ ट्राईबल और संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट, सिविल सर्जन चरक भवन और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज सजेगी हास्य-फुहार की महफिल

**उज्जैन।** आज शहर में हास्य-फुहार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दशहरा मैदान स्थित होटल सुराना पैलेस में दोपहर 12 से 2 बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में उज्जैन के ख्यात कवि अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। राम सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस साहित्यिक महफिल में शहर के जाने-माने कवि श्रोताओं को अपनी कविताओं से गुदगुदाएंगे। आयोजन के साथ ही उपस्थित जनों के लिए सहभोज की व्यवस्था भी की गई है।

## पार्षद मद के कार्यों को न रखें लंबित, टेंडर जारी करें



**उज्जैन।** झोन क्रमांक 5 के अध्यक्ष पुरुषोत्तम मालवीय की अध्यक्षता में शुक्रवार को झोन समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, प्रकाश विभाग, शिल्पज्ञ विभाग, राजस्व विभाग, पीएचई विभाग इत्यादि महत्वपूर्ण विभागों से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए झोन अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिए गए कि झोन अंतर्गत आने वाले वार्डों में पार्षदों के मद के कार्यों को प्राथमिकता से करवाया जाए। क्योंकि वार्ड में जनता के हित में एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्य करवाए जाते हैं। इसलिए पार्षदों के मद के कार्य को लंबित ना रखते हुए शीघ्र टेंडर जारी किए जाए। बैठक में झोन अध्यक्ष द्वारा चर्चा में कहा कि सप्ताह में एक बार खाली भूखंडों व नालियों की सफाई दलेल लगाते हुए करवाई जाए। बैठक में रवि राय, अनिल गुप्ता, जितेंद्र कुवाल, योगेंद्र सिंह पटेल, राघवेंद्र सिंह पालिया, रवि राठौर, सौम्या चतुर्वेदी एवं झोन के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बायपास पर पलटी बारातियों की बस

**देवास-बड़नगर रोड पर हादसे में एक दर्जन लोग घायल**

**उज्जैन।** शादियों की धूमधाम के चलते बारातों का आना जाना निरंतर जारी रही। इसी बीच बीती रात में देवास-बड़नगर बायपास मार्ग पर बस अनियंत्रित होने के बाद सड़क मार्ग किनारे खेत में पलटी खा गई। हादसे में 12 लोग को चोट लगी है जिसमें कुछ का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है।

नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि देवास-बड़नगर मार्ग पर रात में बस क्रमांक एमपी 20 आर 1000 अनियंत्रित होने के बाद सड़क किनारे खेत में पलटी खा गई थी। बस में 50 से 60 लोग सवार थे। घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बस में सवार लोगों को बाहर निकाल लिया गया था 12 लोग घायल थे जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ को फैक्चर होने पर डॉक्टरों ने भर्ती किया वहीं अन्य का प्राथमिक उपचार किया गया। जांच के दौरान सामने आया कि घायलों में रामचंद्र, मनोहर, अजय, रामस्वरूप, नरेश, प्रहलाद, शिवनारायण, राजमल, सचिन शामिल है। सभी बाराती हैं और सीहोर के रहने वाले हैं। रिश्तेदार के यहां शादी होने पर सीहोर से बड़नगर जा रहे थे। पुलिस के अनुसार मामले में चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। घटना के बाद चालक भाग निकला था जिसकी तलाश जारी है।

## गिग वर्कर्स के लिए कार्यक्रम में आभा कार्ड के बारे में दी जानकारी

**उज्जैन।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, क्षेत्रीय निदेशालय इंदौर द्वारा उज्जैन के गिग वर्कर्स के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय निदेशक जगदीश सिंह के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में वालमो, जोमैटो, फ्लिपकार्ट और विभिन्न डिलीवरी स्टोर्स के कर्मचारियों को ई-श्रम और आभा कार्ड के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नई श्रम संहिताओं के लागू होने से मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि अब गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को न्यूनतम वेतन की गारंटी मिलेगी। इसके साथ ही ओवरटाइम करने पर दोगुना वेतन, 40 वर्ष से अधिक उम्र के कर्मचारियों का मुफ्त हेल्थ चेकअप और पीएफ एवं ग्रेच्युटी जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं भी प्राप्त होंगी। कार्यक्रम के दौरान संतोष कुमार ने ई-श्रम कार्ड के फायदे बताते हुए मौके पर ही असंगठित क्षेत्र के गिग वर्कर्स का पंजीयन करवाया। उन्होंने जानकारी दी कि 16 से 59 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिक अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और बैंक खाते की जानकारी होना आवश्यक है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने और पंजीयन कार्य में डिलीवरी स्टोर के मैनेजर अनुज अग्रवाल, संस्कार शर्मा, लक्की, रवि प्रजापत, पाटीदार, नौशाद खान और अर्पित ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## गरोठ हाईवे पर हादसे में जयरामपुरा के पूर्व सरपंच की मौत

**आयशर से टकराई थी कार, पानबिहार लौट रहा था**




**उज्जैन।** रात में गरोठ हाईवे पर सड़क हादसे में पूर्व सरपंच की मौत हो गई। कार खड़ी आयशर से टकराई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। शुक्रवार सुबह मृतक पूर्व सरपंच का पोस्टमार्टम कराया गया।

बताया जा रहा है कि पानबिहार के जयरामपुरा में रहने वाला राकेश पिता जयराम परमार 45 साल गांव का पूर्व सरपंच था। इसका एक मकान आगर रोड खंडेलवाल नगर में है, जहां बच्चे निवासरत होकर उज्जैन में पढ़ाई कर रहे हैं। राकेश परमार गुरुवार को बच्चों से मिलने उज्जैन आया था। जहां से रात में वापस अपने गांव जयरामपुरा कार से लौट रहा था। गरोठ हाईवे पर रास्ते में खड़ी आयशर से टकरा गया। आयशर पंचर हालत में खड़ी थी और मार्ग पर अंधेरा होने से हादसा हुआ। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची राकेश को चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने राकेश के परिजनों को सूचना दी रात में ही परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। सुबह राकेश परमार का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि पंचर आयशर चालक ने बिना संकेतक और पीछे की लाइट जलाई बिना लापरवाही पूर्वक खड़ी की थी। पुलिस द्वारा मामले में चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आयशर जप्त की जाएगी।

### बाइक सवार आयशर से टकराया

आयशर से बाइक टकराने का दूसरा मामला भी गरोठ हाईवे मार्ग पर ही हुआ। भैरवगढ़ का रहने वाला धीरज पिता दीपक वर्मा 18 साल अपनी मौसी को छोड़ने बाइक से आगर नाके आया था। वापस लौटते समय सड़क किनारे खड़ी आयशर से टकरा गया। धीरज घायल हो गया जिसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे थे उन्होंने बताया कि धीरज कैटरिंग का काम करता है। फिलहाल धीरज का उपचार जारी है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## गोपाल मंदिर से निकली खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा



**उज्जैन।** रामघाट स्थित पारदेश्वर महादेव मंदिर सिद्ध आश्रम में खाटू नरेश के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय रंगारंग फाग महोत्सव उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आमलकी एकादशी (शुक्रवार) के अवसर पर सैकड़ों श्याम प्रेमियों ने गोपाल मंदिर से भव्य निशान यात्रा निकाली।

सरोज अग्रवाल के अनुसार सुबह 10 बजे श्याम प्रेमियों ने अपने-अपने निशान का पूजन किया। इसके पश्चात सुसज्जित रथ और डीजे के साथ यात्रा शुरू हुई। यात्रा में शामिल श्रद्धालु 'हाथों में निशान हो, सामने मेरा श्याम हो', 'डोरी खींच के राखी जे यो है श्याम बाबा को निशान' और 'पैदल चालणिया के सागे चले बाबो श्याम' जैसे सुमधुर भजनों पर झूमते नजर आए। यात्रा गोपाल मंदिर से पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, बक्शी बाजार, सवारी मार्ग और कहारवाड़ी होते हुए रामघाट स्थित प्राचीन खाटू श्याम मंदिर पहुंची। निशान यात्रा के मार्ग में अग्रवाल महिला मंडल, अग्रवाल सोशल ग्रुप, खांडल ब्राह्मण समाज, माहेश्वरी समाज, राठौर समाज, पोरवाल समाज, सोना-चांदी व्यापारी एसोसिएशन, बर्तन व्यापारी एसोसिएशन और किराना व्यापारियों द्वारा जगह-जगह रथ का भव्य स्वागत किया गया।

### भजन संध्या ने किया मंत्रमुग्ध

शाम 7 बजे से मंदिर प्रांगण में भव्य भजन संध्या और फाग महोत्सव का आयोजन हुआ। भजन गायकों ने 'कीर्तन की है की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री श्याम सेवा समिति ने जुलूस के दौरान प्रशासन से मिले भरपूर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। आयोजन में सरोज अग्रवाल, रेखा गोयल आदि उपस्थित थे।

## कार्यक्रम से किया ग्रामीणों को प्रभावित

**एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट पशु विकास दिवस पर कार्यक्रम किया**

**उज्जैन।** भारत की अग्रणी एनबीएफसी में से एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 14 फरवरी को अपनी प्रमुख पशु कल्याण एवं ग्रामीण आजीविका पहल, पशु विकास दिवस के आठवें संस्करण का सफल समापन किया। सर्वोत्तम सेवा: पशु, परिवार और प्रगति की थीम पर आधारित इस पहल ने पशुओं के स्वास्थ्य, परिवार के कल्याण एवं स्थायी प्रगति को बढ़ावा देकर समग्र ग्रामीण विकास के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाया। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 1.55 लाख से अधिक ज़िंदगियों पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न किया है। जिसके तहत तकरीबन 1.4 लाख पशुओं का इलाज किया गया। इस पहल के सफल समापन पर बात करते हुए रवि नारायणन, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ़ एक्ज़िक्टिव ऑफिसर, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने कहा, सर्वोत्तम सेवा सर्वोच्च मानकों की सेवाएं उपलब्ध कराने के बारे में है। जहां सहानुभूति के साथ प्रभाव और इरादे का संयोजन गहरा प्रभाव उत्पन्न करता है। इस पहल के ज़रिए हमारा उद्देश्य ऐसे स्थायी परिणामों का निर्माण करना है जो किसान के परिवार को सशक्त बनाए।

## माधव महाविद्यालय में मना मराठी राजभाषा गौरव दिन

**कुसुमाग्रज व डॉ. अपर्णा जोशी को दी गई श्रद्धांजलि**




**उज्जैन।** प्रधानमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के मराठी विभाग में 'मराठी राजभाषा गौरव दिन' मनाया गया। इस अवसर पर विपुल साहित्य रचने वाले प्रसिद्ध साहित्यकार वि. वा. शिरवाडकर (कुसुमाग्रज) और मराठी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्षा स्व. डॉ. अपर्णा जोशी की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभाग के पूर्व छात्र-छात्राओं ने कुसुमाग्रज की कविताओं का पाठ कर उन्हें आदरांजलि दी तथा डॉ. अपर्णा जोशी से जुड़े संस्मरण सुनाकर व कविताओं का वाचन कर उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में डॉ. कल्पना वीरेंद्र सिंह, डॉ. अल्पना उपाध्याय, डॉ. ज़फ़र महमूद और डॉ. शोभा मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थीं।

### मराठी शब्दों में है अनोखी ताकत

मुख्य वक्ता के रूप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय (इंदौर) के मराठी विभाग के प्राध्यापक डॉ. ज्ञानेश्वर तिखे उपस्थित थे। उन्होंने कुसुमाग्रज की सुप्रसिद्ध मराठी कविता ऋकणाऋ (रीढ़ की हड्डी) का भावार्थ स्पष्ट करते हुए मराठी भाषा के शब्दों की ताकत के बारे में बताया। उन्होंने गुलजार द्वारा किए गए इस कविता के हिंदी अनुवाद का भी पाठ किया।प्रकाशनार्थ

**महाकाल में होली उत्सव** | उज्जैन के रोशन यादव ने रील बनाकर इंस्टाग्राम पर की वायरल

## महाकाल के रागी लड्डू को खराब बताया, मंदिर समिति ने लिखाई रिपोर्ट



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में पूर्व में भी रील बनाने को लेकर अनेक श्रद्धालुओं पर प्रतिबंध लगाया था। जिसमें कुछ श्रद्धालु युवतियों ने तो यहां पर नृत्य कर इसकी रील इंटाग्राम पर डाल कर इसे वायरल कर दिया था। इसकों लेकर समिति ने महाकाल थाने में संबंधित की शिकायत दर्ज कराई थी और उनसे माफी नामा लिखवाकर आगे से इस प्रकार की हरकत नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई थी। वहीं महाकाल मंदिर में मिलने वाले रागी लड्डू प्रसाद को लेकर उज्जैन के रोशन यादव ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी _roshan_yada12 पर एक भ्रामक वीडियो जारी किया था। जिसमें लड्डू को टूटे व खराब बताया था। मामले में मंदिर समिति ने यादव के खिलाफ महाकाल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

इंस्टाग्राम पर वायरल रील से मंदिर की छवि खराब हुई है। इसे लेकर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक के निर्देश पर अधिकारियों ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। यादव ने रील के जरिए रागी लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता पर सवाल उठाए और कहा कि उसके खाने से एक बालिका की तबीयत बिगड़ गई। जबकि समिति ने पता किया तो यह बात सही नहीं निकली। पुलिस आईटी एक्ट में कार्रवाई कर रही है।

इधर महाकाल मंदिर परिसर तथा महाकाल लोक में होली व रंगपंचमी पर्व के दौरान रंग-गुलाल ले जाने व लगाने पर प्रशासन ने सख्ती से प्रतिबंध लगा दिया है। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश भी जांच के बाद ही दिया जाएगा। समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि यह फैसला साल 2024 में धुलेंडी की भस्म आरती में लगी आग के चलते लिया है। आग में पुजारी सहित 14 लोग झुलसे थे।

### गढ़कालिका में आज फाग, अलबेला के भजन

गढ़कालिका मंदिर पर होली के अवसर पर शनिवार को फाग उत्सव होगा।मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ ने बताया शाम 6.30 बजे से उत्सव शुरू होगा। भजन गायक सनी अलबेला, प्रसन्न परसाई, साक्षी-कशिश प्रस्तुति देने आ रहे हैं। कलाकारों का दल हनुमान, कालिका, राधा-कृष्ण के रूप में नृत्य प्रस्तुत करेगा।